KUMAUN GARHWAL
CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
UTTARAKHAND
CHAMBER HOUSE, INDUSTRIAL ESTATE, BAZPUR ROAD, KASHIPUR, DISTT. U. S. NAGAR (UTTARAKHAND)
Phone : (05947) 262478, Fax : (05947) 262078, E-mail : kgcci10@gmail.com, Website : www.kgcci.in

# प्रेस विज्ञप्ति

स्थान: भारत मंडपम, नई दिल्ली
तिथि: 24 सितम्बर, 2025

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) संघों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) द्वारा "डेवलपमेंट ऑफ इंडस्ट्री एसोसिएशन (DIA) – नेशनल कॉन्क्लेव" का भव्य आयोजन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में किया गया। यह देशभर में अपनी तरह का पहला अनूठा प्रयास था, जिसमें 105 उद्योग संघों एवं 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में MSME संघों की भूमिका को और सशक्त बनाने, क्लस्टर विकास, सहयोग एवं नवाचार तथा सरकारी योजनाओं से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के अवसरों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर DIA पोर्टल (https://dia-msme.in) का शुभारंभ किया गया। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म MSME संघों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिसके माध्यम से सदस्य संघ सर्वेक्षण, नेटवर्किंग, योजनाओं की जानकारी व अन्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम की कुछ महत्वपूर्ण चर्चाओं में संघों के लिए शिकायत निवारण, प्रशिक्षण एवं तकनीकी उन्नयन को सुदृढ़ बनाने हेतु डिजिटल साधनों के उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही, MSME को लाभान्वित करने वाली योजनाओं जैसे ADITI योजना (ऊर्जा दक्षता हेतु ब्याज सब्सिडी) और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (भंडारण व प्रसंस्करण हेतु 30% अनुदान) को भी विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया।

यह पहल MSME संघों के लिए एक अनोखा अनुभव और अवसर लेकर आई है। विशेष रूप से श्री मनोज मित्तल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD), SIDBI को इस ऐतिहासिक और दूरदर्शी प्रयास के लिए हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया गया।

कुमाऊँ गढ़वाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (KGCCI) की ओर से श्री अशोक बंसल, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट तथा श्री अंकित बंसल, कोषाध्यक्ष ने कार्यक्रम में भाग लेकर चेम्बर का प्रतिनिधित्व किया।

अंतिम चरण में MSME के लिए निर्यात वृद्धि के टूल्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों पर भी चर्चा हुई, जो भविष्य की प्रतिस्पर्धा में इस क्षेत्र को और सक्षम बनाएंगे।

**पवन अग्रवाल**
**अध्यक्ष**